# S.S.C. PUBLIC EXAMINATIONS - 2024

HINDI (SECOND LANGUAGE) 09H

## MODEL PAPER

{TIME: 3 HOURS 15 MINUTES} {MAXIMUM MARKS: 100 }

---

सूचना; I.प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।

II.सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए।

III.प्रश्नपत्र में कुल छः भाग हैं।

**भाग - I**

I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । 12X1=12

1 सावन के मेघ झम झम बरसते हैं। श्रावण की प्रकृति सुंदर होती है । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए )

2. मोर झूम झूमकर नाचने लगा । इस में क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।

3. एक हजार पाँच सौ दस - संख्याओं में लिखिए।

4. अमीना हामिद ............... दादी है । सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए

(का / के / की)

5. हामिद के पास तीन पैसे हैं । (रेखांकित शब्द का समास पहचानकर लिखिए।)

1. द्वंद्व समास 2.द्विगु समास

6. दशहरा हिंदुओं का धार्मिक त्योहार है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)

7. मन भावन का अर्थ पहचानिए ।

A. मन को अच्छा लगनेवाला B.मन को बुरा लगनेवाला

8. अमीना का दिल कचोट रहा है । (मुहावरेदार शब्द पहचानकर लिखिए)

A.अमीना का दिल B. दिल कचोटना

9. गायक गीत गाता है। (लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखए।)

10. औरत बाजार जाती है। (वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)

11. गोपाल मद्रास जाता है।( वाक्य को भविष्यत काल में बदलकर लिखिए)

12. मैं पाठ पढ़ता है। (वाक्य को शुद्ध कीजिए।)

## भाग - II

II. प्रश्न पत्र संख्या 13 से 16 तक दिये गए गद्यांश,पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिये।

13. निम्न लिखित गदयांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर पहचानकर लिखिए। 5X1=5

लोकगीतों के कई प्रकार हैं। इनका एक प्रकार तो बड़ा ही ओजस्वी और सजीव है । यह इस देश के आदिवासियों का संगीत है। मध्यप्रदेश,दक्कन,छोटा नागपुर में गोंड - खांड, भील - संताल आदि फैले हुए हैं। इनके गीत और नाच अधिकतर साथ -साथ और बड़े -बड़े दलों में गाये और नाचे जाते हैं। बीस-बीस,तीस-तीस आदिवासियों और औरतों के दल एक साथ या एक दूसरे के जवाब में गाते हैं ,दिशाएँ गूंज उठती हैं।

अ. स्त्री का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ. 'सवाल' का विलोम शब्द पहचानकर लखिए ।

इ. 'स' उपसर्ग से जुड़ा हुआ शब्द पहचानकर लिखिए ।

ई. 'तर' प्रत्यय से जुड़ा हुआ शब्द पहचानकर लिखिए ।

उ. औरतों के दल एक दूसरे के जवाब में गाते हैं। - इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।

14. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5X1=5

ऊँच - नीच का भेद मिटाकर,दिल में प्यार बसायेंगे।

नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।।

हम निराशा दूर भगाकर ,फिर विश्वास जगायेंगे।

हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

अ. ऊँच नीच का भेद कौन मिटाना चाहते हैं ? ( )

A.बच्चे B. भारतवासी C.छात्र D.सैनिक

आ.अमृत सरसाने के लिए किसका कुहासा तोड़ना चाहिए ? ( )

A. नफ़रत का B.प्यार का C.स्नेह का D. चिंता का

इ. निराशा दूर भगाकर फिर उसकी जगह क्या जगाना चाहिए ? ( )

A.प्यार B. स्नेह C.विश्वास D.भक्ति

ई. भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं? ( )

A मंदिर B. स्वर्ग C.पावन धाम D. चारधाम

उ. उपर्युक्त कवितांश के कवि कौन हैं? ( )

A. आर.पी.निशंक B. पंत C. दिनकर D. प्रेमचंद

15. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 5X1=5

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बांधने केलिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका।आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रेज़ी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं।भारत के अलग अलग प्राँतों में अलग - अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। हमें भारत के सभी प्राँतों से जुडने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं। वैसी भाषा ही हिंदी है, जो सारे भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है।

अ. भारतीय स्वतंत्रा संग्राम में किसकी आवश्यकता हुई ?
आ. आज भारत में किन भाषाओं का स्थान महत्वपूर्ण है ?
इ. हिंदी से हम क्या कर सकते हैं ?
ई. हम भारतवासियों को एकता के सूत्र में बांधनेवाली भाषा क्या है?
उ. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

16. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । 5X1=5

प्रो.दीपेश और प्रो.विकास उस अंतरिक्षयात्री को देखकर आश्चर्यचकित हो गाए कि अंतरिक्ष में अन्य ग्रहों पर भी हम पृथ्वीवासियों की ही भाँति लोग हैं । दोनों ने इसकी कल्पना तो दूसरे ही रूप में की थी । तभी एक आवाज गूँजी ...” हैलो हम लोग इस ग्रह से एक प्रकाश वर्ष दूर के एक ग्रह के वासी हैं । हम लोग यहाँ एक मिशन के तहत आए हैं । आवाज़ को सुन प्रो. दीपेश और प्रो. विकास के आश्चर्य की सीमा नहीं रही ,क्योंकि उसकी आवाज़ भी हमारी ही तरह थी ।

अ. अंतरिक्षयात्री यात्री को देखकर कौन आश्चर्यचकित रह गए ? ( )

A. प्रो. दीपेश,प्रो.विनोद B. प्रो. विकास और दिनेश

C. प्रो. दीपेश और प्रो. विकास D. प्रो. दिनेश और विनोद

आ. अन्य ग्रहों पर भी किनकी भाँति लोग हैं ? ( )

A. पृथ्वीवासियों की B. अंतरिक्षवासियों की

C. जलवासियों की D. नभवासियों की

इ. अंतरिक्षयात्री किसके तहत आए हैं? ( )

A. एक यान B.विमान C. एक मिशन के D.गुरुत्व शक्ति

## भाग - III

III.सूचना के अनुसार निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

17 जोड़ी बनाइए । 1X4=4

| | | |
|---|---|---|
| A.ज्ञान मार्गी शाखा के कवि | चिदंबरा | ( ) |
| B.प्रकृति चित्रण के बेजोड़ कवि | आर.पी.'निशंक' | ( ) |
| C. ज्ञानपीठ पुरस्कार | रैदास | ( ) |
| D. मातृभूमि के लिए | सुमित्रानंदन पंत | ( ) |

18. निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1X4=4

प्रेमचंद का जन्म एक गरीब घराने में काशी में 31 जुलाई ,1880 को हुआ । इनके बचपन का नाम धनपतराय श्री वास्तव था । इन्होंने ट्यूशन पढ़ाते हुए मैट्रिक तथा नौकरी करते हुए बी

.ए पास किया । इन्हें “उपन्यास” सम्राट भी कहा जाता है। इनकी कहानियाँ मानसरोवर शीर्षक से आठ खंडों में संकलित हैं ।

A एक गरीब घराने में------------ का जन्म हुआ ।

B. प्रेमचंद के बचपन का नाम------------था।

C. ------------ को उपन्यास सम्राट भी कहा जाता है।

D. प्रेमचंद की कहानियाँ ---------- शीर्षक से संकलित हैं।

## भाग - IV

IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए। 8X3=24

19. भारतवासी ऊँच-नीच का भेद मिटाने के लिए क्या करना चाहते हैं ?

20. मीरा के गुरु ने उसे कौनसी अमोलक वस्तु दी ?

21. हिंदी में भविष्य निर्माण के लिए कौन - कौन से वेबसाइट सेवा तप्तर हैं ?

22. हामिद की खुशी का कारण क्या है ?

23. मानवाकृती अंतरिक्षयात्री पृथ्वी पर क्यों आये थे ?

24. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है ?

25. राजू ने अपने पुराने स्कूल के लिए कौनसा उपहार दिया ?

26. राजा कुमार वर्मा के राज्य में अकाल की समस्या क्यों उत्पन्न हुई होगी ?

## भाग - V

V. निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

1X10=10

27. किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में लिखिए ।

अ. वर्षा के कारण प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है । बरसते बादल कविता पाठ के द्वारा सिद्ध कीजिए ।

(अथवा)

आ. श्रम नर समाज का भाग्य है ,वही मानव जीवन की सफलता का मार्ग है। कण कण के अधिकारी कविता पाठ के आधार स्पष्ट कीजिए ।

28. किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में लिखिए । 1X10=10

अ. झांसी की रानी लक्ष्मी बाई त्याग, समर्पण, बलिदान, वीरता और शौर्य की प्रति मूर्ति है । स्वराज्य की नीव एकाँकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(अथवा)

इ. अब्दुल कलाम के अनुसार अच्छे नागरिक बनने के लिए छात्रों में कौन से गुण होना चाहिए ?

## भाग - VI

## VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1x8 =8

अ.शैक्षिक यात्रा पर जाने की अनुमति माँगते हुए पिताजी के नाम पर पत्र लिखिए ।

(अथवा)

आ.आवश्यक पुस्तक मांगते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पर पत्र लिखिए।

30.संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गए शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर किसी एक निबंध के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1x8 =8

अ. मानव का सर्व श्रेष्ठ आविष्कार दूरदर्शन :

{दूरदर्शन ,ग्रीक,वैज्ञानिक ,दूर ,आविष्कार ,प्रतिबिंब ,लाभ, संसार ,साधन , देख ,विषय, समाचार, गीत -संगीत ,धारावाहिक, नामुमकिन ,मनोरंजन }

आजकल के वैज्ञानिक और मनोरंजक साधनों में टेलीविजन का स्थान महत्वपूर्ण है। इसे ----------------भी कहा जाता है। टेलीविज़न ------ भाषा का शब्द है । टेली का अर्थ ------और विजन का अर्थ -------है । इंग्लैंड के जे .एल बयर्ड और जेकिंस नामक --------ने दूरदर्शन का -------------किया ।

मानव को मनोरंजन देनेवाले --------------में दूरदर्शन सशक्त और महत्वपूर्ण -----------है । दूरदर्शन से कई ---------है घर बैठे ही हम संसार भर के -----------सुन और --------सकते हैं। हम इसके द्वारा खेल कूद ,-----------नृत्य --------------आदि कई ----------देख सकते हैं ।

दूरदर्शन के बिना मानव को -----------------मिलना ---------------है ।सचमुच दूरदर्शन एक महान आविष्कार है ।

(अथवा)

आ.स्वच्छ भारत अभियान :

{ बाकी ,आज़ादी , मदद ,आरंभ ,अभियान ,भारत सरकार,द्वारा , रखना ,आदतों, मिलकर, देखेंगे ,साकार ,ज़िम्मेदारी ,नारा ,कदम ,अभियान }

महात्मा गाँधीजी के दो सपने थे । वे हैं भारत की ------और स्वच्छ भारत । उनमें से एक को हकीकत में बदलने में लोगों ने -----------की । हालांकि स्वच्छ भारत का वह दूसरा सपना अब भी पूरा होना ----------है । इसलिए गांधीजी के जन्मदिन 2 अक्तूबर 2014 को श्री नरेंद्र मोदी ने इस ------------का ---------किया ।

इसका उद्देश्य  गलियों और  सड़कों को साफ सुथरा -----------है । यह हमारे विद्यालयों के राष्ट्रीय स्तर का --------------है । ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के -----लोगों की स्वच्छता संबंधी -----------को बेहतर बनाना और स्वच्छता सुविधाओं को -----------कराना है ।

आशा है कि हम सब ------महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के सपने को ---------करेंगे । इस अभियान को सब देश भक्ति कि भावना के साथ -----------। एक भारतीय नागरिक होने की खातिर यह हमारी सामाजिक ------

एक ........ स्वच्छता की ओर ।..यही हमारा ..........है ।

*****************************************

डॉ भगवातुला हेमलता

# SSC PUBLIC EXAMINATION - 2024
# BLUE PRINT

**Time : 3h. 15 min.** **Maximum Marks : 100**

## भाग - I (भाषा की बात)

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. | तत्सम, तद्भव (दिए गए वाक्य में से तत्सम के लिए तद्भव या तद्भव के लिए तत्सम शब्द पहचानकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 2. | 2. | क्रिया विशेषण (एक शब्द में उत्तर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 3. | 3. | अक्षरों को अंकों में लिखना होगा । | 1Q | 1M | 1M |
| 4. | 4. | कारक चिह्न - (विकल्पों में से सही कारक चिह्न पहचानकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 5. | 5. | समास - (निर्देश के अनुसार विकल्पों में से चुन कर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 6. | 6. | संधि विच्छेद - (निर्देश के अनुसार लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 7. | 7. | निम्न लिखित शब्द का सही अर्थ विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा। | 1Q | 1M | 1M |
| 8. | 8. | मुहावरा - (मुहावरेदार शब्द को विकल्पों में से पहचान कर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 9. | 9. | लिंग (सूचना के अनुसार लिंग बदलकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 10. | 10. | वचन (सूचना के अनुसार वचन बदलकर लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 11. | 11. | काल (निर्देश के अनुसार बदलना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |
| 12. | 12. | शुद्धरूप (निर्देश के अनुसार लिखना होगा।) | 1Q | 1M | 1M |

## भाग - II (अर्थग्राह्यता)

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | 13. | पठित गद्य पाठों में से एक अनुच्छेद दिया जाएगा। उस में से उपसर्ग, प्रत्यय, पर्याय, विलोम, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रियाओं में से कोई 5 व्याकरणिक अंश देकर पहचानने को कहेंगे। अ,आ,इ,ई और उ के प्रश्न होंगे। | 5Q | 1M | 5M |
| 14. | 14. | पठित पद्य पाठों में से एक पद्यांश दिया जाएगा। अ,आ,इ,ई और उ के प्रश्न होंगे। (ये बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे ।) | 5Q | 1M | 5M |
| 15. | 15. | पठित गद्य पाठों में से एक गद्यांश दिया जाएगा। अ,आ,इ,ई और उ के प्रश्न होंगे। एक वाक्य में उत्तर देना होगा। | 5Q | 1M | 5M |
| 16. | 16. | पठित गद्य पाठों में से एक गद्यांश दिया जाएगा। अ,आ,इ,ई और उ के प्रश्न होंगे। (ये बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे ।) | 5Q | 1M | 5M |

## भाग - III (अभिव्यक्ति)

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 17. | 17. | पाठ्य पुस्तक में दिए गए कवि परिचयों से संबंधित प्रश्नों की सही जोड़ी बनाना होगा । | 1Q | 4M | 4M |
| 18. | 18. | लेखक का परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती करना होगा। | 1Q | 4M | 4M |

## भाग - IV (अभिव्यक्ति)

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 19. | 19,20 | पद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे। तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 2Q | 3M | 6M |
| 20. | 21,22,23 | गद्य भाग से तीन प्रश्न दिये जायेंगे। तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 3Q | 3M | 9M |
| 21. | 24,25,26 | उपवाचक से तीन प्रश्न दिये जायेंगे । तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 3Q | 3M | 9M |

## भाग - V (अभिव्यक्ति)

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 22. | 27 (अ,आ) | पद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 10M | 10M |
| 23. | 28 (अ,आ) | गद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 10M | 10M |

## भाग - VI (सृजनात्मक अभिव्यक्ति)

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 24. | 29 (अ,आ) | एक औपचारिक और एक अनोपचारिक पत्र दिये जायेंगे। किसी एक प्रश्न का उत्तर देना होगा । (अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 8M | 8M |
| 25. | 30 (अ,आ) | दो निबंध दिए जायेंगे । उनमें से एक निबंध को चुनकर उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ती करना होगा । | 1Q | 8M | 8M |

## शैक्षिक मापदंड - भार तालिका

| क्र.सं. | शैक्षिक मापदंड | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | अर्थग्राह्यता | 15M | 15% |
| 2. | अभिव्यक्ति | 52M | 52% |
| 3. | भाषा की बात | 17M | 17% |
| 4. | सृजनात्मकता | 16M | 16% |
| | **कुल** | **100M** | **100%** |

## प्रश्नों के स्वरूप के अनुसार भार तालिका

| क्र.सं. | प्रश्न का स्वरूप | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | निबंधात्मक प्रश्न | 3 | 28 |
| 2. | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 8 | 24 |
| 3. | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 4 | 20 |
| 4. | लक्ष्यात्मक प्रश्न | 15 | 28 |
| | **कुल** | **30** | **100** |

## पाठ्य विषयों के आधार पर भार तालिका

| क्र.सं. | | लक्ष्यात्मक प्रश्न | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | निबंधात्मक प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पद्य भाग | 5(1), 1(4) | 2(6) | 1(5) | 1(10) | 30 |
| 2. | गद्य भाग | 7(1), 1(4) | 3(9) | 3(15) | 1(10) | 45 |
| 3. | उपवाचक | - | - | 3(3) | - | 9 |
| 4. | सृजनात्मकता | 1(8) | - | - | 1(8) | 16 |
| | **कुल** | **13** | **6** | **8** | **3** | **100** |